# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(अष्टम् सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 17 मार्च, 2015/26 फाल्गुन, 1936 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 25**

----

**आवास आबंटन**

***1569 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत दो वर्षों में पच्छाद विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आवास गृह निर्माण योजना के अन्तर्गत SC/ST/OBC लोगों को आबंटित किए गए; ब्यौरा दें; और

(ख) कितने लोगों के मामले कब-कब से लम्बित हैं; विवरण नाम सहित दें?

----

**पटवारियों की रिक्तियां**

***1570 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत उप-मण्डल चौपाल तथा उप-तहसील देहा में पटवारियों के कितने पद सृजित हैं और इनमें से कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## पौधरोपण पर व्यय

***1571 श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रदेश में वनों के बचाव व पौधरोपण पर कितनी धनराशि खर्च की गई; और

(ख) चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र में गत तीन वर्षों में कहां-कहां पौधरोपण किया गया तथा कितने पौधे लगाए गए और उनका सरवाइवल प्रतिशत क्या रहा; ब्यौरा दें ?

----

## पद पूर्ति

***1572 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में उप-मण्डलाधिकारी (नागरिक) सरकाघाट, नायब-तहसीलदार, सरकाघाट व भदरवाड़ के पद रिक्त हैं; और

(ख) यदि हां, तो यह कब से रिक्त हैं तथा कब तक भर दिए जाएंगे ?

----

## हैण्ड पम्पों की स्थापना

***1573 श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में हैण्ड पम्प लगाने वाली कितनी कम्पनियां हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित दें;

(ख) गत तीन वर्षों में किस-किस कम्पनी को कितना-कितना कार्य किस-किस मण्डल में दिया गया है; ब्यौरा दें; और

(ग) दिनांक 1.1.2012 से 31.12.2014 तक चुनाव क्षेत्र सदर, बिलासपुर में कितने हैण्ड पम्प लगाये गये हैं; ब्यौरा दें ?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

***1574 श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इन केन्द्रों में चिकित्सकों के कितने पद रिक्त हैं; और

(ग) सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## मल प्रवाह योजना

***1575 श्री राम कुमार (दून) :**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बद्दी में मल प्रवाह योजना का कार्य शुरू नहीं किया गया है; यदि हां, तो कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा;

(ख) इसकी टेंडर प्रक्रिया क्या पूरी कर ली गई है या नहीं; ब्यौरा दें; और

(ग) वर्तमान में पुलिस अधीक्षक के कार्यालय बद्दी में पड़ी R.C.C. के पाईपों की कुल कीमत कितनी है और इन पाईपों को आज तक प्रयोग न करने के लिए कौन-कौन से अधिकारी जिम्मेवार हैं; ब्यौरा कारणों सहित दें?

----

## पटवार वृत्त को उप-तहसील में सम्मिलित करना

***1576 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नवगठित उप-तहसील कांगू, ज़िला हमीरपुर में उप-तहसील गलोड़ व तहसील नादौन के कौन-कौन से पटवार वृत्त शामिल किए जा रहे हैं; ब्यौरा पटवार वृत्तवार दें;

(ख) यह सत्य है कि पटवार वृत्त बढोहग, जोकि कांगू से मात्र 2-3 किलोमीटर की दूरी पर है, को इस उप-तहसील में शामिल नहीं किया जा रहा है जबकि पटवार वृत्त कश्मीर जोकि कांगू से लगभग 15 किलोमीटर दूर है, को शामिल किया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो ब्यौरा कारणों सहित दें ?

----

## आय प्रमाण-पत्र हेतु मापदण्ड

***1577 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सामाजिक सुरक्षा पैंशन एवं आवास ऋण हेतु सरकार ने आय प्रमाण-पत्र देने हेतु मापदण्ड तय किए हैं; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार को गलत प्रमाण-पत्र देने बारे शिकायतें प्राप्त हुई हैं; यदि हां, तो दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## Salooni-Bhaiul-Kilod Road

***1578 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that a moterable road has been constructed by Forest Department from Salooni to Bhaiul via Kilod; and

(b) whether there is any proposal to hand over this road to HPPWD (B&R), so that, the road can be metalled and tarred and bus services can be started ?

----

## ई0एस0आई0सी0 अस्पताल

***1579 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला मण्डी के नेरचौक में नव-निर्मित ई0एस0आई0सी0 (Employees State Insurance Corporation) अस्पताल की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि इस अस्पताल के भवन का उद्घाटन कर दिया गया है; यदि हां, तो कब और किसके द्वारा ?

----

## धनराशि की स्वीकृति

***1580 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**
**श्री रिखी राम कौंडल(झण्डुता) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि वित्तीय वर्ष 2013-14 और 2014-15 के दौरान प्रदेश को नाबार्ड, ARP, NRDWP और AIBV से पेयजल व सिंचाई की योजनाओं के लिए कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; ब्यौरा जिला व परियोजनावार दें ?

----

## टी0डी0 हेतु आवेदन

***1581 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 15-2-2015 तक रोहडू वन-मण्डल के अन्तर्गत कितने आवेदन TD के लिए आए और कितने लोगों को TD दी जा चुकी है; ब्यौरा दें;

(ख) कितने आवेदन रद्द किए गए और कितने लम्बित हैं; और

(ग) रोहडू वन-मण्डल में कितने Forest Rest Houses निर्माणाधीन हैं या जिनका काम बन्द है; ब्यौरा दें?

----

## मछली फार्म पतलीकुहल-जैंडी गांव का तटीयकरण

***1582 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रतिवर्ष मछली फार्म पतलीकुहल और जैंडी नाला से आने वाले पानी के कारण पतलीकुहल शहर जटेहड़ बिहाल ग्राम पंचायत कटराईं की लगभग 2000 आबादी प्रभावित होती है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए प्राक्कलन तैयार किया है ;

(ग) यह भी सत्य है कि इसके तटीयकरण के लिए स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण (LADA) और सांसद निधि के द्वारा धनराशि खर्च की गई है; ब्यौरा दें; और

(घ) सरकार शेष बचे तटीयकरण के कार्य को पूर्ण करने के लिए सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग को क्या अतिरिक्त राशि देने का विचार रखती है ?

----

## बन्दोबस्त कार्य

***1583 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार बैजनाथ राजस्व उप-मण्डल के अन्तर्गत तहसील बैजनाथ, मुल्थान व उप-तहसील चढ़ियार में बन्दोबस्त का कार्य कब तक प्रारम्भ करने का विचार रखती है; और

(ख) उक्त उप-मण्डल में नायब तहसीलदार तथा पटवारियों के रिक्त पदों को कब तक भरा जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## बन्दोबस्त प्रारम्भ करवाना

*1584 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला चम्बा के मुख्यालय व तहसील कार्यालयों में राजस्व अभिलेख विशेषकर लट्ठे आदि बहुत पुराने हो गए हैं और स्थानीय लोगों को पटवारखानों में रिकार्ड नहीं मिल रहा है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार जिला चम्बा में राजस्व अभिलेख को पुनः तैयार करने हेतु बन्दोबस्त करने का विचार रखती है ?

----

## मिड हिमालयन जलागम योजना

*1585 **श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में कुटलैहड़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मिड हिमालयन जलागम योजना के अन्तर्गत कितने चैक व अर्दन डैम कहां-कहां लगाए गए हैं; और

(ख) प्रत्येक डैम पर कितना-कितना खर्च किया गया तथा निर्माण कार्य किस-किस ठेकेदार द्वारा किया गया; ब्यौरा नाम सहित दें ?

----

## भवन निर्माण

*1586 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सुजानपुर विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत सचूही में विभाग ने स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निर्माण के लिए 18 लाख रूपये लोक निर्माण मण्डल टौणी देवी में जमा करवाए हैं; और

(ख) यदि हां, तो भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## बागवानों को प्रोत्साहन

*1587 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्तमान में सरकार चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र में बागवानों को प्रोत्साहन देने के लिए क्या-क्या प्रयास कर रही है; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत विभाग द्वारा सेबों के पौधों को चुराह की नर्सरियों से न लेकर अन्य जिलों से क्रय किया जा रहा है; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में कितने पौधों को अन्य जिलों से विभिन्न योजनाओं के तहत क्रय किया; ब्यौरा दें; और

(ग) यह भी सत्य है कि चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के नर्सरियों से सरकार द्वारा सेब के पौधे न लेने से उन्हें लाखों रूपये का नुकसान हुआ है; यदि हां, तो सरकार क्या इन बागवानों को लोकहित में मुआवज़ा देने का विचार रखती है?

----

## अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान करना

*1588 **श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सदर विधान सभा चुनाव क्षेत्र बिलासपुर की ग्राम पंचायत मोरसिंघी के गांव कसोहल में प्रस्तावित स्वास्थ्य उप-केन्द्र हेतु वन भूमि का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त हो गया है; और

(ख) यदि नहीं, तो कब तक प्राप्त होगा; ब्यौरा दें ?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बद्दी

*1589 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बद्दी के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) इस भवन हेतु क्या भूमि हस्तांतरण कर दी गई है; और

(ग) यदि नहीं, तो कब तक कर दी जाएगी ?

----

## नई पौधरोपण

*1590 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि गत 3 वर्षों में जिला बिलासपुर में विभाग द्वारा विभिन्न सामाजिक संगठनों को नई पौधरोपण हेतु वन भूमि उपलब्ध करवाई गई है; और

(ख) यदि हां, तो कहां-कहां और किस-किस संस्था को कितनी-कितनी भूमि आबंटित की गई है; ब्यौरा दें?

----

## पब्बर नदी का तटीयकरण

***1591 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि धमबाड़ी से हाटकोटी तक पब्बर नदी में Channelisation के कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र थाना कलां

***1592 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वितीय वर्ष 2014-15 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र थाना कलां को स्टाफ क्वार्टरज के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ख) यदि हां, तो कितनी व इसके निर्माण कार्य हेतु क्या-क्या पग उठाये गए; ब्यौरा दें?

----

## अवैध कटान

***1593 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि रोहड़ू में झड़ग और नकराड़ी क्षेत्र में देवदार और कायल के पेड़ों का अवैध कटान हुआ है;

(ख) यदि हां, तो कितने पेड़ कटे हैं; और

(ग) सरकार ने अब तक क्या कार्रवाई की है; ब्यौरा दें ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 28 फरवरी, 2015.** **सचिव।**